Monday November 4 2019 1:55:28 AM

साहस सच दिखाने का

# भारत दर्शन

सबसे तेज-सबसे अलग खबरें, अब एक क्लिक पर

www.bharatdarshannews.com

FARIDABAD

## अग्रवाल महाविद्यालय में "ईमानदारी एक जीवनशैली' विषय पर प्रतियोगिताएं की गयीं आयोजित

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Friday,01 November , 2019)




Bharat Darshan News, 01 November 2019 : 'ईमानदारी एक जीवनशैली' विषय पर अग्रवाल महा विद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के अंतर्गत सम्भाषण, निबंध-लेखन, स्लोगन लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इस कार्यक्रम के आयोजन के विषय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि प्रतिवर्ष मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के दौरान विद्यार्थियों, कर्मचारियों व प्राध्यापकों को समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने व इसके विरोध में आवाज़ उठाने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का विषय अत्यंत सटीक है क्योंकि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने कार्य के प्रति ईमानदार होगा, अपने आचरण व व्यवहार के प्रति ईमानदार होगा तभी भ्रष्टाचार मुक्त समाज की कल्पना की जा सकती है। कार्यक्रम की संयोजिका किरण आनंद ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि छोटे-छोटे कामों में ईमानदार रहने से बड़े कार्य स्वयं ही भ्रष्ट आचरण से मुक्त हो जाते हैं। कामचोरी न करना, समय की पाबंदी, नक़ल न करना इत्यादि छोटे प्रयासों से हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर समाज में एक बड़ा परिवर्तन कर सकते हैं। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा ऑनलाइन सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेने के लिए आग्रह किया। सम्भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता इंडियन ऑयल के शोध एवं विकास केंद्र, फरीदाबाद के सहयोग से आयोजित की गयीं। केंद्र के मुख्य प्रबंधक आर.के. सिंह और दीपक भारद्वाज जी उपस्थित थे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट पैकेट दिए। संभाषण में रीतिका, आँचल और सौरभ; पोस्टर मेकिंग में मोनिका, अनन्या और प्रेरणा तथा स्लोगन लेखन में कंचन, निशा और आँचल क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अंतर्गत एन० सी० सी० और एन० एस० एस० के कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों तथा उपस्थित सभी को राष्ट्रीय एकता को अखंड बनाये रखने की शपथ दिलवाई गयी तथा सरदार पटेल के जीवन और सिद्धांतों से अवगत कराया गया। मंच सञ्चालन डॉ० पूजा सैनी ने अत्यंत कुशलतापूर्वक किया। निर्णायकों की भूमिका में डॉ० रामचंद्र, डॉ. रितु, डॉ रेखा सैन,सुप्रिया ढांडा और मानसी ने योगदान दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती कमल टंडन के साथ अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।